09/08/2022

# डीएफओ ने त्रिवेणी लगा किया विद्यार्थियों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

■ विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया

राजकीय महाविद्यालय में जिला वन अधिकारी राजेश कुमार ने हरियाली वन महोत्सव के उपलक्ष्य में त्रिवेणी लगाकर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। जिला वन अधिकारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में हम लगाने से अधिक पेड़ काटने का कार्य कर रहे हैं, जिससे पृथ्वी का वातावरण दिन प्रतिदिन प्रदूषित होता जा रहा है।

वर्तमान समय में पेड़ो की अंधाधुंध कटाई ने वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा को बढ़ा दिया है, जिससे धरती का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इससे बचने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे जिससे धरती का तापमान सामान्य बना रहें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष सिहाग ने भी विद्यार्थियों को पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर वन विभाग से छोटू राम, प्रहलाद, महेंद्र व राजा राम हुड्डा ने भी महाविद्यालय परिसर में पौधे लगाकर विद्यार्थियों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

# मेहंदी रचाने में आस्था, स्लोगन में रिचा और पोस्टर मेकिंग में अमनदीप प्रथम

राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भट्टू मंडी में तिरंगा यात्रा भी निकाली

भास्कर न्यूज | भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. सुदेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



निरीक्षण करते प्राचार्य व अन्य प्राध्यापक।

← दैनिक भास्कर
9-8-2022

राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग साथ में तिरंगा यात्रा भी निकाली

पंजाब केसरी 9-8-2022 → महाविद्यालय में मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग स्लोगन का आयोजन।

09/08/22 →

## प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

भट्टूकलां, 8 अगस्त (का.प्र.) राजकीय महाविद्यालय में मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. सुदेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता में बी कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा आरती प्रथम, बी कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा सरोज दूसरा स्थान व बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पुष्पा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रिया ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र सचिन ने द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र अमनदीप ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा रिया ने द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

निर्णायक मंडल की भूमिका डा. सुभाष सिहाग, डा. रविंद्र कुमार, सीता राम, दीपक, दलीप, ज्योति झाझड़ा, डा. कीर्ति चौधरी व हरीश कुमार ने निभाई। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भट्टू मंडी में तिरंगा यात्रा भी निकाली। महाविद्यालय में सेल्फी विद तिरंगा अभियान भी चलाया गया। प्राचार्य डॉ. सुदेश गुप्ता ने कहा की 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घर में तिरंगा जरूर फहराएं। तिरंगा हमारे देश के गौरव का प्रतीक है, इसलिए हमें तिरंगे का हमेशा सम्मान करना चाहिए।

11-अगस्त 2022 दैनिक भास्कर राजकीय महाविद्यालय में 13 अगस्त को रक्त दान कैम्प का आयोजन।

## राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में रक्तदान शिविर 13 को

भट्टूकलां : राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में 13 अगस्त को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहीद नरेंद्र सिंह जाखड़ की माता रेशमा देवी बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगी। बुधवार को यह जानकारी देते हुए एनसीसी प्रभारी प्रो. दीपक सिहाग ने बताया कि एनसीसी विंग व एनएसएस की छात्र व छात्राओं दोनों यूनिटों के संयुक्त तत्वाधान में 13 अगस्त शनिवार को ब्लड कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में ब्लड बैंक फतेहाबाद की टीम रक्त एकत्रित करेगी।

11/08/22

## भट्टू कलां कॉलेज में रक्तदान शिविर 13 को

भट्टू कलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में 13 अगस्त को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शहीद नरेंद्र सिंह की माता रेशमा देवी शिविर में मुख्य अतिथि होंगी। एनसीसी प्रभारी प्रो. दीपक सिहाग ने बताया कि एनसीसी विंग व

11 अगस्त 2022 अमर उजाला महाविद्यालय में

## वृक्षारोपण के साथ प्राचार्य ने किया शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



भट्टूकलां में तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीटीएम सुरेश कुमार।

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में प्राचार्य डा. सुदेश गुप्ता ने महाविद्यालय प्रांगण में बेलपत्र का पौधा लगाकर नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर तिरंगा रैली के लिए रवाना किया।

← 13-8-2022 दैनिक जागरण राजकीय महाविद्यालय में तिरंगा रैली का आयोजन करवाया गया।

← 13/08/22

13-8-2022 अमर उजाला → राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन।

## विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली



भट्टू कलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां के विद्यार्थियों द्वारा शुक्रवार को तिरंगा रैली निकाली गई। रैली को सीटीएम सुरेश कुमार व प्राचार्य डॉ. सुदेश गुप्ता ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान महाविद्यालय प्रांगण में बेलपत्र का पौधा लगाकर नए शैक्षणिक सत्र का भी शुभारंभ किया गया। इस मौके पर डीआरओ हरिओम अत्री, नायब तहसीलदार बलराम जाखड़, नरेंद्र लूणा, डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. सुभाष सिहाग, डॉ. राजा राम, डॉ. रेखा रानी, डॉ. रविंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार, दर्शन सिंह, डॉ. विजय, अमित, दिलसुख राम, अनिल कुमार, कीर्ति चौधरी, सीताराम, मदन लाल, विनोद, दलीप, सुमन, सतीश सहित सभी स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे। संवाद

# शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

संवाद न्यूज एजेंसी

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को महाविद्यालय की एनएसएस प्रकोष्ठ और सामाजिक संस्था खुशी एक उम्मीद के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. सुदेश गुप्ता ने की और मुख्य अतिथि के तौर पर शहीद नरेंद्र सिंह जाखड़ मेहूवाला की माता रेशमा देवी और उनके परिवार के सदस्य जय जाखड़, रविंद्र जाखड़, लीलावती उपस्थित रहे। शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस शिविर में योगाचार्य मदन गोपाल आर्य ने 50 वीं बार रक्तदान किया, वहीं लेक्चरर दिनेश कुमार ने 40वीं बार रक्तदान किया। अनेक रक्तदाता ऐसे थे जिन्होंने 25वीं बार रक्तदान किया।

इसके साथ महाविद्यालय स्टाफ सदस्य डॉ. सुभाष सिहाग, रेडक्रास सोसायटी सचिव सुरेंद्र, सहायक सचिव सुशील भाटिया, राजेंद्र कुमार, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. राजाराम, डॉ. विजय कुमार, डॉ. रेखा रानी, सीताराम, ज्योति झाझड़ा, अमित कुमार, दिलसुखराम, अनिल कुमार, अनिल, कीर्ति चौधरी, मदन लाल, हरीश कुमार, दलीप सिंह, विनोद कुमार, सतीश कुमार और अन्य शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।



भट्टू कलां में शिविर के दौरान रक्तदान करते प्रो. दिनेश शर्मा व मदनगोपाल आर्य। संवाद

classmate

14-8-2022 [illegible] राजकीय महाविद्यालय में आज़ादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन।

14/08/22

# मेहंदी रचाने में आस्था, स्लोगन में रिचा और पोस्टर मेकिंग में अमनदीप प्रथम

## राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भट्टू मंडी में तिरंगा यात्रा भी निकाली

भास्कर न्यूज़ | भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. सुदेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



निरीक्षण करते प्राचार्य व अन्य प्राध्यापक।

मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में बी कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा आस्था प्रथम, बी कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा सरोज दूसरा स्थान व बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पुष्पा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रिचा ने प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष के छात्र सचिन ने द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र अमनदीप ने प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रिचा ने द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुभाष सिहाग, डॉ. रविंद्र कुमार, सीता राम, दीपक, दर्शन, ज्योति झाझड़ा, डॉ. कीर्ति चौधरी व हरीश कुमार ने निभाई। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भट्टू मंडी में तिरंगा यात्रा भी निकाली। महाविद्यालय में सेल्फी विथ तिरंगा अभियान भी चलाया गया। प्राचार्या डॉ. सुदेश गुप्ता ने कहा की 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घर में तिरंगा जरूर फहराएं।

Session - (2022-23)

दैनिक भास्कर 20-8-22 महाविद्यालय में दुष्प्रभाव अधिनियम के तहत गतिविधियों की जानकारी दी गई।

## पोस्टर मेकिंग में अमनदीप व स्लोगन लेखन में कुलदीप रहे प्रथम

भट्टूकलां | राजकीय महाविद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य सुदेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अमनदीप प्रथम, पूजा द्वितीय व सरोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में कुलदीप प्रथम, विशाल द्वितीय व संदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एसएमओ डॉ. सुजाता बंसल के दिशा निर्देशों पर आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में डॉ. सुशील कुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक करनैल लाल व स्वास्थ्य कर्मी जयदेव ने विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुभाष सिहाग, दर्शन सिंह व ज्योति झाझड़ा ने भी विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अमर उजाला - 20-8-22 राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दुष्प्रभाव से होने वाले रोगों के बारे में जानकारी दी गई।


# विद्यार्थियों को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान की दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

भट्टूकलां। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न संस्थानों पर तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इस दौरान राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भट्टूकलां, शहीद भगतसिंह पब्लिक स्कूल खाबड़ाकलां में एसएमओ डॉ. सुजाता बंसल के निर्देश पर पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गईं।

कॉलेज में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र अमनदीप प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पूजा द्वितीय, बीकॉम की छात्रा सरोज तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं स्लोगन लेखन में बीए तृतीय वर्ष का छात्र कुलदीप प्रथम, बीए तृतीय वर्ष का छात्र विशाल द्वितीय, बीए तृतीय वर्ष का छात्र संदीप तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान डा. सुशील कुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक करनैल लाल, जयदेव की टीम ने बच्चों को तंबाकू तथा उससे बने पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान बारे जानकारियां दी। बच्चों को प्रोत्साहन के रूप में उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुदेश गुप्ता, डॉ. सुभाष सिहाग, प्रो. दर्शन सिंह, प्रो. ज्योति झाझड़ा सहित कॉलेज स्टाफ व छात्र उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य विभाग ने तंबाकू उत्पाद से नुकसान पर करवाई स्पर्धा



प्रतियोगिता में अव्वल रहने पर सम्मानित करते कालेज स्टाफ व स्वास्थ्य कर्मी। संवाद